किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं।
संपर्क करें:
7018631199

www.himalayanupdate.com | 7018631199 | समाचार पत्र | Postal Regd no: HP/128/SML/2020-22

अक्टूबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।
himalayanupdate@gmail.com

7018631199 | सोमवार. 30.10.2023 | पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. | शिमला से प्रकाशित | advthimalayanupdate@gmail.com

मेले, उत्सव एवं त्यौहार हमारी सभ्यता के परिचायक: डॉ. शांडिल

सोलन/हिमालयन अपडेट

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मन्त्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले, उत्सव एवं त्यौहार हमारी सभ्यता के परिचायक हैं। डॉ. शांडिल गत सांय सोलन विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सलोगड़ा में आयोजित तीन दिवसीय श्री ब्रिजेश्वर देव मेला के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय ब्रिजेश्वर देव मन्दिर में पूजा-अर्चना की और सभी के सुख, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की। डॉ. शांडिल ने कहा कि भविष्य का सुखद आधार इतिहास से निर्मित होता है और संस्कृति का संरक्षण इतिहास की जानकारी में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने समृद्ध इतिहास, विविध संस्कृति और परम्पराओं की

जानकारी प्रदान करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपनी लोक संस्कृति और परम्पराओं का सदैव सम्मान करें ताकि भावी पीढ़ी इनसे सीख सके। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के साथ-साथ हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को सदैव सहेज कर रखना है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि कुश्ती, कबड्डी और ठोडा जैसे पारम्परिक खेलों का नियमित अभ्यास करें। डॉ. शांडिल ने कहा प्रदेश सरकार युवाओं को समय की मांग के अनुसार बेहतर व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ड्रोन तकनीक सहित आर्टिफिशियल इंटेलीजैंस के पाठ्यक्रम आरम्भ किए जा रहे हैं। यह पाठ्यक्रम न केवल युवाओं को भविष्य की आवश्यकताओं के लिए तैयार करेंगे अपितु स्वरोजगार के भी बेहतर अवसर प्रदान करेंगे। सोलन जिला के चिन्हित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में भी यह पाठ्यत्म आरम्भ किए जाएंगे।डॉ. शांडिल ने कहा कि क्षेत्र की सभी विकास सम्बन्धी मांगों को चरणबद्ध आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन सलोगड़ा के निर्माण की औपचारिकताएं पूर्ण होने पर 05 लाख रुपए की राशि उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने मेला समिति को अपनी एच्छिक निधि से 11,000 रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर कुशती और ठोडा खेल का आयोजन भी किया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गीता राम महाजन ने इस अवसर पर डॉ. शांडिल को आपदा राहत कोष के लिए अपनी और से 21,000 रुपए का चैक भेंट किया। जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव रमेश ठाकुर, जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष शिव कुमार, नगर निगम सोलन के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर, संगीता ठाकुर, पूजा, मनोनीत पार्षद रजत थापा, विजय ठाकुर, खण्ड कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, खण्ड कांग्रेस समिति सोलन के महासचिव लोकेन्द्र शर्मा एवं कुनाल सूद, ग्राम पंचायत सलोगड़ा की प्रधान एव मेला समिति की प्रधान सरोज चौहान, ग्राम पंचायत जौणा जी की प्रधान जयवन्ती, बीडीसी सदस्य संजय शर्मा, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव जय प्रकाश, ग्राम पंचायत सलोगड़ा के पूर्व प्रधान लक्ष्मी दत्त शर्मा, जोगिन्द्रा बैंक के पूर्व अध्यक्ष मोहन मैहता, अजय कंवर, संधीरा, उपमण्डलाधिकारी सोलन कविता ठाकुर, अन्य अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय निवासी इस अवसर पर उपस्थित थे।

भाजपा लोकसभा की चारो सीटे जीतेंगी: जय राम

मंडी/हिमालयन अपडेट

आज भाजपा द्वारा मंडी जिला में ब्लाक समीति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया जिसमें मंडी जिला के लगभग 128 सदस्यों ने भाग लिया । इस शिविर का शुभारम्भ प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा व अन्य भाजपा नेताओं ने दीप प्रज्वलित करके किया व भाजपा की विचारधारा पर प्रकाश डाला ।प्रदेश प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के सयोजक प्रियव्रत शर्मा ने इस वर्ग की प्रस्तावना सभी के सामने रखी । इसके बाद पूर्व महामंत्री व सुन्दरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

प्रियंता शर्मा ने कुशल जनप्रतिनिधि, कार्यालय एसोशल मीडिया विषय पर चर्चा की। इस कार्यक्रम का समारोप पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने किया।

देश के प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम भी जय राम ठाकुर ने सभी के साथ सुनी। इस कार्यक्रम में महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि देकर उन्हें याद किया गया।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को समाज के हित के लिए काम करना चाहिए । जनता की आवाज उठाना ही हमारा कर्तव्य है। जय राम ठाकुर ने कहा कि जब से कांग्रेस सरकार हिमांचल में आई है सभी वर्ग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है आने बाले समय मे लोकसभा की चारो सीटे जीतेंगे। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व सदर के विद्यायक अनिल शर्मा, विद्यायक दलीप ठाकुर, पूर्ण ठाकुर दरंग, दीप राज करसोग, व प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, प्रदेश सहमीडिया प्रभारी रजत ठाकुर, जिला अध्यक्ष निहाल शर्मा, पूर्व विधायक हीरा लाल, जिला परिषद पाल वर्मा, भाजपा महामंत्री संजय ठाकुर, सोमेश व राकेश वालिया उपस्थित रहे।

जूतों की दुकानों के साथ देवताओं के टेंट लगाना दुर्भाग्यपूर्ण: आदित्य

कुल्लू/हिमालयन अपडेट

जिस प्रकार सुबह ढालपुर के मैदान में देवताओं के शिविरों में आग लगी ये सत्तापक्ष सरकार की विफलता का एक और उदाहरण है। इमर्जेंसी रेडिनेस न होने की वजह से देवताओं के टेंटों में काफी नुकसान हुआ है। ये बात भाजपा के जिला प्रवक्ता आदित्य गौतम ने एक बयान में कही। आदित्य का कहना है की जूतों की दुकानों के साथ देवताओं के टेंट लगाना दुर्भग्यपूर्ण है। आदित्य ने कहा हाल ही में देवनीति के साथ छेड़-छाड़ के मामले सामने आये है जिसके परिणाम स्वरूप पूरे प्रदेश में अन्होनियाँ हो रही है। देवताओं के शिविरों में आग लगना सत्तासीन सरकार के लिए चेतावनी है की देवनीति के साथ छेड़-छाड़ करोगे तो उसके परिणाम अच्छे नही होंगे। कभी बिजली महादेव रोपवे को लेकर तो कभी देवताओं के टेंट उखड? के मामले सामने आ रहे है। आदित्य ने बताया कि जो कैनोपी इस बार ढालपुर में लगी है व बहुत ही हल्की क्वालिटी के मटेरियल से बनी है जो न तो फायर रिटार्डेंट् है और न ही फायर प्रूफ ढालपुर में बिजली की तारे इन कैनोपी के उपर से जा रही है। अगर कभी गलती से शोर्ट सर्किट हुआ तो एक कैनोपी के साथ दूसरी कैनोपी जुड़ी हुई है इससे आग तेजी से फैल सकती है। परिवर्तन के नाम पर सत्तासीन सरकार सब स्टैंडर्ड मटेरियल का इस्तेमाल कर रही है और आम जनमानस की जान को जोखिम में डाल रही है। ना ही क्वालिटी की टीम है और न ही क्वालिटी कंट्रोल है। आदित्य ने पूछा की प्रशासन और सरकार ये बताए की कैनोपी का मटेरियल ग्रेड फायर कैटेगरी के किस ग्रेड का है।

आदित्य ने कहा की कुल्लू के विधायक का घटना स्थल पर दोपहर मे लेट आने से जनता के मन में उनके प्रति में रोश है।

प्रधान ग्राम पंचायत भोन भाजपा छोड़ हुए कांग्रेसी

नाहन/हिमालयन अपडेट

ग्राम पंचायत भोंन कडियाना के प्रधान राजेश भारद्वाज भाजपा पार्टी को छोडकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर श्री रेणुका जी के विधायक विनय कुमार के द्वारा प्रधान राजेश भारद्वाज का माला पहनाकर स्वागत किया गया। श्री रेणुका जी के लोकप्रिय विधायक विनय कुमार के विकासात्मक कार्यों तथा सरल स्वभाव से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत भोंन कडियाना के वर्तमान प्रधान राजेश भारद्वाज ने कांग्रेस का हाथ थामा है। राजेश भारद्वाज पूर्व में भाजपा मंडल रेणुका जी ओबीसी युवा मोर्चा के महामंत्री रहे है। उन्होंने भाजपा से आहत, हताश और निराश होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया है।

जय राम ठाकुर ने दशहरा मैदान में अग्नि पीड़ित देउलुओं से दुख दर्द सांझा किया

कुल्लू/हिमालयन अपडेट

नेता प्रतिपक्ष एवम पूर्व मुख्य मंत्री जय राम ठाकुर दशहरा मैदान में देवी देवताओं के टेंटों में गत रात्रि हुए भयंकर अग्नि कांड में पीड़ितों से मिलने दशहरा मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित देउलुओं से उनका दुख दर्द सांझा किया।इसके उपरांत वोह क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचे जहां पर उन्होंने इस अग्नि कांड में बुरी तरह झुलसे व्यक्ति का हाल जाना।उन्होंने इस अग्निकांड पर अफसोस व्यक्त किया।

इस अवसर पर उनके साथ बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद, जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल,जिला महामंत्री अमर

ठाकुर, भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोतम ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष तरुण विमल, जिला प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी, सहित विभिन्न मोर्चे के पदाधिकारी उपस्थित रहे।नेता प्रतिपक्ष ने इससे पूर्व भगवान रघुनाथ जी के दरबार में शीश नवाज कर भगवान रघुनाथ जी का आशीर्वाद लिया।

मुख्य संसदीय सचिव ने अग्नि पीड़ितों से मुलाकात की

कुल्लू/हिमालयन अपडेट

मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने अग्नि पीड़ितों से मुलाकात की तथा उन्हें हर सम्भव सहायता देने का आश्वासन।

मुख्य संसदीय सचिव सूंदर सिंह ठाकुर ने को ढालपुर मैदान में आग से हुये नुकसान का जायजा लिया तथा प्रभावितों को फौरी राहत के तौर पर 25, 25 हजार की राशि प्रदान की।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अग्नि प्रभावितों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएगी।उन्होंने कहा कि आग से हुए नुकसान के आकलन के आदेश दिये गये हैं।

नबाही में दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

मंडी/हिमालयन अपडेट

हिम ज्योति आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल नबाही में दो दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारम्भ विद्यालय के उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर रविन्द्र चौहान ने किया। छात्रों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खेलें हमें आत्म-अनुशासित बनाती हैं तथा जीवन संघर्ष करने के लिए प्रेरित करती हैं। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

इस दौरान विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने कब्बडी, बैडमिंटन, कुश्ती, 100 मीटर दौड़, बैलून दौड़, फ्रॉग रेस, रस्साकशी तथा लम्बी व ऊँची कूद आदि खेलों में भाग लिया। खेल.कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष सत्या प्रकाश गारला तथा प्रधानाचार्य आशा कुमारी ने विद्यार्थियों शाबाशी देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। लड़कियों की कब्बडी प्रतियोगिता में अंशिका, प्रियंका, राधिका, वैष्णवी, सोनाक्षी, गोपिका, अक्षु की टीम विजेता रही जबकि लडकों की कब्बडी प्रतियोगिता में अंशुल, निखिल, प्रशांत, पीथुश, शौर्य, मोहित, रिशव की टीम विजेता रही। लडकों की कुश्ती प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में शौर्य तथा सीनियर वर्ग में निखिल विजेता रहे जबकि लड़कियों के जूनियर वर्ग में अंशिका तथा सीनियर वर्ग में कनिका विजेता रही। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की लडकों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में पर्व एवं पीयुष विजेता रहे जबकि 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अनिरुद्ध एवं वरुण विजेता रहे। लड़कियों की 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में रितिका एवं रिशिका तथा 16 वर्ष से उपर आयु वर्ग में प्रियंका एवं अंजली विजेता रही। लडकों के बैडमिंटन सिंगल मुकाबले में प्रधुमन तथा लड़कियों में प्रेरणा विजेता रही। विद्यालय के अध्यक्ष सत्या प्रकाश गारला ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

मां बालासुंदरी मंदिर में साढ़े बारह हजार श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

नाहन/हिमालयन अपडेट

उत्तर भारत की प्रमुख शक्तिपीठ माता बाला सुंदरी मंदिर में चल रहे 15 दिवसीय शारदीय नवरात्र मेले के 14 वें दिन भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 5.20 लाख रुपए की राशी मां बाला सुंदरी के चरणों मे अर्पित की। केवल 3 दिनों के भीतर 26,13,600 की नकदी 23.500 ग्राम सोना व 5742 ग्राम चांदी श्रद्धालुओं द्वारा माता बाला सुंदरी मंदिर में अर्पित की गई। तीन दिनों के भीतर देश के विभिन्न राज्यों से 47500 रुपए श्रद्धालुओं ने माता बाला सुंदरी मंदिर में शीश नवाया। माता बाला सुंदरी मंदिर में शुक्रवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। उत्तर भारत के पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश व हिमाचल के राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं ने माता बाला सुंदरी के दर पर शीश नवाया। प्रातः काल ही श्रद्धालु कतारों में खड़े होकर माता बाला सुंदरी मंदिर में शीश नवाने के लिए खड़े हो रहे हैं।

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि माता बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में अश्विन नवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम प्रबंध किए गए हैं। उधर, पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा ने बताया के सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि मेले को 5 सेक्टर में बांटा गया है तथा तीन डीएसपी अधिकारी के अलावा सब इंस्पेक्टर व इंस्पेक्टर के साथ-साथ 472 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

भाजपा नेताओ और कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

शिमला/हिमालयन अपडेट

भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। यह कार्यक्रम हर महीने के अंतिम रविवार को प्रकाशित होता है, भारत में पूरे देशवासियों और प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त होता है। यह बयान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी संजीव कटवाल ने बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को सुना। कटवाल ने कहा की प्रधामंत्री मोदी ने मन की बात कायक्राम के माध्यम से बताया की 31 अक्टूबर को देशभर में पिछले ढ़ाई साल से चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव का समापन होगा और आप सभी ने

मिलकर इसे दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाले महोत्सव में से एक बना दिया। उन्होंने कहा की इस कार्यक्रम में साहित्य, एक भारत-श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत, भारत की अपनी संस्कृति को सुरक्षित रखना की जानकारी प्राप्त होती है। कार्यक्रम में सभी सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महान विभूतियों का व्यांख्यान भी दिया जाता है जिससे पूरे देश को एक माला में बनाने का बहुत बड़ा प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल का महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने अपने कार्यक्रम में स्वर्गीय इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी याद किया। एशियन गेम्स में भारत का बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा और पैरालंपिक में भी इसी प्रकार का प्रदर्शन रहा है। इसके लिए भी प्रधानमंत्री ने सबको बधाई दी और पूर्ण जानकारी देश के समक्ष रखी।

राजेंद्र सिंह बने सिरमौर दिव्यांग कल्याण संघ के अध्यक्ष

नाहन/हिमालयन अपडेट

दिव्यांग कल्याण संघ हिमाचल प्रदेश के महासचिव सुरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में रविवार को जिला सिरमौर के दिव्यांगों की आम सभा लोक निर्माण विभाग के नाहन स्थित विश्राम गृह में आयोजित की गई जिसमें सिरमौर जिला पैरास्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ साथ जिले के विभिन्न खंडों के दिव्यांगो ने शिरकत की। बैठक में जिला सिरमौर दिव्यांग कल्याण संघ का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष पद की कमान स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत राजेंद्र सिंह को सौंपी गई। महासचिव पद पर रघुबीर सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर लोनिवि में कार्यरत कृष्ण सिंह रावत, कोषाध्यक्ष पद पर शिक्षा विभाग के जसबीर कुमार को चयनित किया गया। इसके अलावा मुख्य सलाहकार का कार्यभार शिक्षा विभाग के सुरेन्द्र सिंह ठाकुर को सौंपा

गया । सुनील कुमार को संयुक्त सचिव और आयुष विभाग के वीरेंद्र सिंह को प्रैस सचिव बनाया गया ।

इसके अलावा शिक्षा विभाग के विनोद कुमार, रेड क्रॉस के फारुख अली और जयपाल को कार्यकारिणी के सदस्यों में शामिल किया गया। आम सभा में उपस्थित दिव्यांगों ने अपनी मांगों को लेकर चर्चा की और सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई है।

दिव्यांगो की प्रमुख मांगों में दिव्यांग बस पास को राज्य से बाहर मान्य करने, दिव्यांग कोटे के रिक्त चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्रथम श्रेणी के सभी पदों को शीघ्र भरने, राज्य सरकार के दिव्यांग कर्मचारियों को पदोनती में आरक्षण देने के साथ-साथ उनकी सेवानिवृति आयु साठ वर्ष करने, पंचायत चुनाव में महिलाओं व अन्य आरक्षित श्रेणियों की तर्ज पर उन्हें आरक्षण देने, व्हील चेयर दिव्यांगो को स्कूटी प्रदान करने, दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 को अविलंब प्रभावी ढंग से लागू करने, सचिवालय में यूडीआईडी कार्ड पर ही प्रवेश देने, दिव्यांग खिलाडियों को इनामी राशि प्रदान करने, भूमिहीन दिव्यांग व्यक्तियों को भूमि प्रदान करने, राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड का गठन व समय समय पर बैठके करवाना, बेरोजगार दिव्यांगो को बीपीएल श्रेणी में लाने और पैंशन को बढ़ाने जैसी मांगे शामिल है।

इन मांगों को दिव्यांग कल्याण संघ हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सचिवालय में विभिन्न विभागों के मंत्रियों से मुलाकात करके उनके समक्ष भी रखा है और अब सभी जिलों के दिव्यांग भी इन मांगों को पूरा करवाने के लिए आवाज उठा रहे हैं । जिले के दिव्यांग संघ ने उम्मीद जताई है कि सरकार उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेगी।